**हिंदी माध्यम**
HINDI MEDIUM

# एडवांस हिंदी डिप्लोमा परीक्षा - 2025
# ADVANCE HINDI DIPLOMA EXAMINATION - 2025

प्रश्नपत्र-1 (खंड-क हिंदी भाषा तथा संरचना) (खंड-ख हिंदी काव्य)
Question Paper-1 (Part-I Hindi Language and Structure) (Part-II Hindi Poetry)

## पत्राचार पाठ्यक्रम विभाग
## Department of Correspondence Course
## केंद्रीय हिंदी निदेशालय
## Central Hindi Directorate

| | | |
|---|---|---|
| समय 3 घंटे | प्रश्नपत्र-सह-उत्तरपत्र | पूर्णांक : 100 |
| Time : 3 Hours | (Question Paper-Cum Answer Sheet) | Max. Marks: 100 |

नोट : कृपया सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर उनके उत्तर हिंदी में लिखें।
Note: Please read all the questions carefully and write down their answers in Hindi.

परीक्षार्थी इस अंश को भरें
To be filled in by the Candidate

परीक्षा अनुक्रमांक
Exam Roll No. ....................................

दाखिला संख्या
Admission No. ....................................

परीक्षा केंद्र
Exam Centre ........................................

कार्यालय उपयोग हेतु
For Office Use Only

प्राप्तांक
Marks Obtained ....................................

परीक्षक के हस्ताक्षर
Sign. of Examiner.................................

परीक्षक का नाम व पदनाम
Name & Designation of Examiner
..........................................................

निरीक्षक के हस्ताक्षर
Signature of Invigilator
..........................................................

## पत्र में 50-50 अंकों के दो खंड हैं।

## खंड-क

**प्रश्न 1. बहुविकल्पीय प्रश्न**

(0.5 × 15 = 7.5)

1. नामवाची शब्दों के अतिरिक्त संज्ञा शब्द के लिए निम्नलिखित में से किसे एक पर्याय कहा जा सकता है?

   क) विचार

   ख) चेतना

   ग) तर्क

   घ) अपेक्षा

2. निम्नलिखित में से बहुवचन का कौन-सा रूप सही नहीं है?

   क) रातें

   ख) हवाएँ

   ग) पिताएँ

   घ) घटाएँ

3. निम्नलिखित में से कौन एक अकर्मक क्रिया का उदाहरण है?

   क) रोना

   ख) पढ़ना

   ग) देखना

   घ) सुनना

4. निम्नलिखित में से किस ग्रह का नाम स्त्रीलिंग है?

   क) मंगल

   ख) गुरु

   ग) शुक्र

   घ) इनमें से कोई नहीं

5. निम्नलिखित में से कौन-सा एक द्विरुक्त शब्दों का सही मेल नहीं है?

क) चाल-ढाल

ख) डील-डौल

ग) हवा-पानी

घ) कपड़ा-लत्ता

6. निम्नलिखित वाक्यों को देखें और बताएँ कि कौन व्याकरणिक दृष्टि से सही है?

क) विशेषण का अपना कोई लिंग या वचन नहीं होता।

ख) हँसना एक अकर्मक क्रिया है।

ग) भाषा यादृच्छिक मौखिक प्रतीकों की व्यवस्था है।

घ) 'हथियाना' नामधातु का एक उदाहरण है।

ऊपर दिए गए वाक्यों के आधार पर सही विकल्प का चयन करें।

क) केवल क

ख) 'क' और 'ख'

ग) उपर्युक्त सभी

घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

7. मानकीकृत हिंदी वर्तनी की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा अशुद्ध है?

क) उच्छ्वास

ख) चवालीस

ग) सिंधु

घ) संयम

8. "गुरुदेव! मुझे तो केवल चिड़िया दिखाई दे रही है"- "परीक्षा" एकांकी में यह कथन किसका है?

क) भीम

ख) दुर्योधन

ग) युधिष्ठिर

घ) अर्जुन

9. 'चोर की दाढ़ी में तिनका' कहानी में ज़मींदार के मित्र का क्या नाम था?

क) हरिमोहन

ख) पद्मसेन

ग) रतिनाथ

घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

10. अनथक परिश्रम करने के अर्थ में सटीक मुहावरा है:

क) बात का धनी होना

ख) पहाड़ टूट पड़ना

ग) रात-दिन एक करना

घ) राम भरोसे रहना

11. मक्खन के लिए सही पर्यायवाची है:

क) नवगीत

ख) नवनीत

ग) नवदीप

घ) नवजीत

12. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भाववाचक संज्ञा को दर्शाता है?

क) आँसू

ख) पिछड़ा

ग) गरिमा

घ) कमजोर

13. 'प्राणियों की सेवा भी ईश्वर भक्ति है' कहानी में प्रयुक्त 'गरीबखाने' शब्द का सही अर्थ है-

क) गरीब को दिया जाने वाला भोजन

ख) घर

ग) अनाथालय

घ) प्रार्थनागृह

14. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?

क) जेष्ठ

ख) ज्याष्ठ

ग) ज्येष्ठ

घ) जीष्ठ

15. इनमें से विदेशज शब्द की पहचान करें-

क) धनुष

ख) आलमीरा

ग) लोटा

घ) चाचा

प्रश्न 2. अतिलघु-उत्तरीय प्रश्न: एक या दो वाक्यों में उत्तर दें। (10)

i) अल्पप्राण और महाप्राण व्यंजनों में मूल अंतर क्या है?

-----------------------------------------------------------------------------------

ii) 'आद्यक्षर' में किन दो पदों की संधि हुई है?

-----------------------------------------------------------------------------------

iii) मेघ के लिए तीन पर्यायवाची शब्द लिखें।

-----------------------------------------------------------------------------------

iv) **<u>पका</u>** आम खाने में मीठा होता है- रेखांकित शब्द का पद-परिचय दें।

-----------------------------------------------------------------------------------

v) 'मैं तो पूजा-पाठ या भजन-कीर्तन नहीं करता'- आबू के इस कथन में अंतर्निहित भाव क्या है?

-----------------------------------------------------------------------------------

vi) देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ माना जाता है?

-----------------------------------------------------------------------------------

ii) हिंदी में अनाजों के नाम सामान्यत: किस लिंग में रखे गए है?

-----------------------------------------------------------------------------------

viii) चवर्ग व्यंजन ध्वनियों का उच्चारण स्थान क्या है?

--------------------------------------------------------------------------------

ix) अपने पाठ्यक्रम में दिए गए एकांकी का नाम लिखें?

--------------------------------------------------------------------------------

x) 'चूकना' और 'चुकना' का अर्थभेद समझाएँ।

--------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न 3. लघूत्तरीय प्रश्न: प्रश्नों के उत्तर तीन वाक्यों में दें। (2½ × 5 = 12½)

i) किन्हीं तीन विदेशी भाषाओं से हिंदी में आए शब्दों का भाषाओं के नाम सहित उल्लेख करें।

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

ii) हिंदी भाषा में प्रयुक्त तीन प्रकार की अन्वितियों का उल्लेख कीजिए।

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

iii) क्या सभी शब्द-युग्म द्वंद्व समास होते हैं? यदि नहीं, तो उनकी सही पहचान क्या है?

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

iv) वर्तनी संशोधित करें- परिमिती, प्रज्ज्वलन, समुदायिक, अतिथी, दुसरा।

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

v) 'ईश्वर अपनी स्तुति का मोहताज नहीं'- आबू की कहानी के आधार पर इस कथन की आलोचना करें।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रश्न 4. अथोलिखित अनुच्छेदों का पाठ कर प्रश्नों का उत्तर दें। (5× 2 = 10)

1. "रवींद्रनाथ ने इस भारतवर्ष को 'महामानव समुद्र' कहा है। विचित्र देश है यह! असुर आए, आर्य आए, शक आए, हूण आए, नाग आए, यक्ष आए, गंधर्व आए- न जाने कितनी मानव जातियाँ यहाँ आईं और आज के भारतवर्ष के बनाने में अपना हाथ लगा गईं। जिसे हम हिंदू रीति-नीति कहते हैं, वह अनेक आर्य और आर्येतर उपादानों का अद्‌भुत मिश्रण है। एक-एक पशु, एक-एक पक्षी न जाने कितनी स्मृतियों का भार लेकर हमारे सामने उपस्थित हैं। अशोक की भी अपनी स्मृति परंपरा है। आम की भी है, बकुल की है, चंपे की भी है। सब क्या हमें मालूम है? जितना मालूम है, उसी का अर्थ क्या स्पष्ट हो सका है? न जाने किस बुरे मुहूर्त में मनोजन्मा देवता ने शिव पर बाण फेंका था? शरीर जलकर राख हो गया और 'वामन-पुराण' (षष्ठ अध्याय) की गवाही पर हमें मालूम है कि उनका रत्नमय धनुष टूटकर खंड-खंड हो धरती पर गिर गया। जहाँ मूठ थी, वह स्थान रुक्म-मणि से बना था, वह टूटकर धरती पर गिरा और चंपे का फूल बन गया। हीरे का बना हुआ जो नाह-स्थान था, वह टूटकर गिरा और मौलसिरी के मनोहर पुष्पों में बदल गया! अच्छा ही हुआ। इंद्रनील मणियों का बना हुआ कोटि देश भी टूट गया और सुदर पाटल पुष्पों मे परिवर्तित हो गया। यह भी बुरा नहीं हुआ। लेकिन सबसे सुंदर बात यह हुई कि चंद्रकांत-मणियों का बना हुआ मध्य देश टूटकर चमेली बन गया और विद्रुम की बनी निम्नतर कोटि बेला बन गई, स्वर्ग को जीतनेवाला कठोर धनुष, जो धरती पर गिरा तो कोमल फूलों में बदल गया! स्वर्गीय वस्तुएँ धरती से मिले बिना मनोहर नहीं होती!"

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम पाँच वाक्यों में दें।

i) "लेखक सांसारिकता को पारलौकिकता से अधिक श्रेष्ठ और सुंदर मानता है"- पठित गद्यांश के आधार पर अपना अभिमत दें।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------------------------------------------

ii) भारतीय संस्कृति नाना जातियों के समागम का परिणाम है– पठित गद्यांश में अभिव्यक्त इस भाव के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने तर्क कीजिए।

2. "आज मैं घंटों नौका विहार कर के भी, चंदर भाई के साथ, थकावट नहीं महसूस कर रहा हूँ। इस सुनसान निरंग–निर्जन में वे अपने पुरुष कंठ से सीधी नदी को जगाने के लिए एक पुराने गान की आवृत्ति करते हैं। इस निचाट स्तब्धता में यह गान किसी अपदेवता के कंठस्वर–जैसा सुनाई पड़ता है और मैं एकाध बार चंदर को अँधेरे में भी देखने की चेष्टा करता हूँ कि चंदर ही हैं न! क्योंकि इस क्षण में और इस जगह पर क्या ठिकाना कब क्या हो जाए! पास में ही मुर्दाघाट है। आखिर रात तो इन्हीं रात्रिचरों के हिस्से में है। हमारे हिस्से में तो दिन है, जिसमें ये सब चुपचाप अदृश्य या निश्चल रहते हैं। पर जैसे–जैसे रात भीगती जाती है, श्वापद–आरण्यक, पेड़–पल्लव, घाट–बाट, भूत–प्रेत सभी धीरे–धीरे जग जाते हैं और उस समय वे या तो काना–फूसी करते हैं अथवा निःशब्द एवं क्रूर आहार–विहार। यदि ऐसे में कोई हँसे, कोई गान गाये, कोई इनके एकांत

में खलल डाले तो फिर ये भी उसे दंडित कर सकते हैं। मैं डांगी के चौड़े तख़्ते पर लेटा हूँ और चंदर 'गलई' पर बैठे-बैठे गान भरपूर खुले कंठ से गा रहे हैं। सुनते हुए मुझे लगता है कि हम दोनों बंधु किसी भी भूत-प्रेत से कम नहीं।"

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम पाँच वाक्यों में दें। (5× 2 = 10)

i) पठित गद्यांश के आधार पर बताएँ कि किस प्रकार का साहचर्य हमारे लिए सुखकर है?

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

ii) लेखक चंदर भाई के गान को एकांत में खलल क्यों कहता है?

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

--------------------------------------------------------------------------------

## खंड-ख

### प्रश्न 1. बहुविकल्पीय प्रश्न

(1 × 10 = 10)

1. नरपति नाल्ह की रचना है-
   क) खुमानरासो
   ख) परमालरासो
   ग) पृथ्वीराजरासो
   घ) बीसलदेवरासो

2. निम्नलिखित में से किस कवि को रामभक्ति शाखा में नहीं रखा जा सकता?
   क) स्वामी अग्रदास
   ख) नंददास
   ग) केशवदास
   घ) नाभादास

3. "बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय" पंक्तियों के रचनाकार हैं-
   क) बिहारीलाल
   ख) पद्माकार
   ग) केशवरदास
   घ) विद्यापति

4. 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन कब प्रारंभ हुआ?
   क) 1930
   ख) 1903
   ग) 1922
   घ) 1913

5. आधुनिक हिंदी साहित्य का कौन-सा युग जागरण-सुधार काल कहा जा सकता है?
   क) प्रगतिवाद का युग
   ख) नई कविता का युग
   ग) द्विवेदी युग
   घ) छायावाद का युग

6. ‘कुंकुम’ किनके पहले काव्य-संग्रह का नाम है?

क) सोहनलाल द्विवेदी

ख) बालकृष्ण शर्मा

ग) रामधारी सिंह

घ) माखनलाल चतुर्वेदी

7. सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की कविता ‘पिछड़ा आदमी’ केंद्रित है-

क) भक्ति भावना पर

ख) खेल-कूद पर

ग) भिक्षावृत्ति पर

घ) सामाजिक विसंगति पर

8. ‘लोग भूल गए हैं’ कृति पर साहित्य अकादमी का पुरस्कार किन्हें दिया गया?

क) रघुवीर सहाय

ख) त्रिलोचन

ग) धूमिल

घ) गोरख पांडेय

9. ‘सास ससुर गुर सजन सुहाई, सुत सुंदर सीतल सुखदाई’- में कौन-सा अलंकार है?

क) अनुप्रास

ख) यमक

ग) उपमा

घ) उत्प्रेक्षा

10. विस्मय किस रस का स्थायी भाव है?

क) हास्य

ख) करुण

ग) अद्‌भुत

घ) शांत

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें। (10)

1. .............................................. अलंकार में मानो या जानो जैसे शब्दों का प्रयोग कवि करते हैं।

2. 'ओरांग उटांग' कविता की रचना ......................................... ने की।

3. शकुंत माथुर ......................................... सप्तक के कवि थे।

4. घनानंद की प्रेमिका का नाम ....................................... था।

5. गति और यति के समन्वय से छंद में जो गुण आता है उसे ............................ कहते हैं।

प्रश्न 3. अतिलघु-उत्तरीय प्रश्न: उत्तर दो से तीन वाक्यों में उत्तर दें। (2½ × 5 = 12½)

1. छायावाद के चार स्तंभ किन्हें कहा गया है?

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

2. अष्टछाप के किन्हीं चार कवियों के नाम लिखें।

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

3. 'कवि कुछ ऐसी तान सुनाओं जिससे उछल-पुथल मच जाए' पंक्ति में कवि के किस दायित्व का आह्वान है?

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

4. हिंदी साहित्य में दलित चेतना का उभार किस प्रकार हुआ?

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

5. रूपक अलंकार के अभिलक्षणों का उल्लेख करें।

प्रश्न 4. लघूत्तरीय प्रश्नः पाँच वाक्यों में उत्तर दें (2× 5 = 10)

1. शब्द शक्ति से क्या समझते हैं? शब्द शक्ति के भेदों की सोदाहरण विवेचना करें।

2. प्रेममार्गी निर्गुण भक्ति साहित्य हिन्दू और मुस्लिम संस्कृति के सौहार्द का प्रतीक बना। कैसे?

प्रश्न 5. दीर्घोत्तरीय प्रश्नः दस वाक्यों में उत्तर दें। (2×10 = 20)

1. भारतेंदु काल की साहित्यिक पत्रिकाओं का संक्षिप्त परिचय दें।

2. स्थापित करें कि एक वैज्ञानिक लिपि भाषा के फलने–फूलने के लिए अपरिहार्य साधन है।